





## एक नजर में

### फसल बीमा योजना के तहत 31 दिसम्बर तक फसलों का बीमा कराएं



**खण्डवा ।** प्रधानमंत्री फसल बीमा योजनांतर्गत जिले में रबी वर्ष 2025 का फसल बीमा कराने की अंतिम तिथि 31 दिसंबर है। जिले के ऋणी,अऋणी व डिफाल्टर कालातीत सभी किसान अपनी अधिसूचित फसल का बीमा बैंक व कॉमन सर्विस सेन्टर के माध्यम से करा सकते हैं। जिले में अधिसूचित गेहूं फसल के लिए प्रीमियम दर 690 रुपए प्रति हैक्टेयर और चना फसल के लिए प्रीमियम दर 519.75 रुपए प्रति हैक्टेयर है। जिसमें आवश्यक दस्तावेज जैसे बैंक पासबुक, बुआई प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, भू अधिकार पुस्तिका एवं बटाई पर खेती करने की स्थिति में करारनामा देकर सी.एस.सी. के माध्यम से बीमा करा सकते हैं।उप संचालक कृषि नीतेश यादव ने बताया कि व्यापक आधार पर खड़ी फसल से लेकर कटाई तक गैर बाधित जोखिम जैसे सूखा,लंबी अवधि का सूख,कीट व रोग, बाढ़,जलभराव प्राकृतिक आकाशीय बिजली,तूफान, ओलावृष्टि, चक्रवात के कारण फसल को होने वाली नुकसान की सुरक्षा के लिए राहत जोखिम बीमा दिया जाता है।फसल कटाई के उपरांत होने वाले नुकसान जैसे फसल काटने के दो सप्ताह की अवधि में ओलावृष्टि, चक्रवर्ती वर्षा गैर मौसमी के मामले में दिया जाता है। उप संचालक कृषि श्री यादव ने किसानों से अपील की कि व्यक्तिगत आधार पर स्थानीय आपदा जैसे ओलावृष्टि, जलभराव, आकाशीय बिजली, भूस्खलन, बादल फटना जैसी प्राकृतिक आपदा से प्रभावित फसल के लिए आपदा के 72 घंटे के अंदर टोल फ्री नंबर 14447 पर कॉल करें या क्रॉप इन्शुरन्स मोबाइल एप का प्रयोग कर सूचित करें।

### रेडक्रॉस सोसायटी के सदस्यों का सम्मेलन 8 जनवरी को

**खण्डवा।** भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी की जिला कार्यकारिणी के गठन के लिए रेडक्रॉस सोसाइटी के आजीवन सदस्य एवं अन्य सदस्यों का सम्मेलन 8 जनवरी 2026 को आयोजित किया गया है। डिप्टी कलेक्टर दिनेश सावले ने बताया कि यह सम्मेलन कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में प्रात: 10.30 बजे से आयोजित होगा।

### ग्राम सिंगाजी में "बोरी बंधान" निर्माण के लिए ग्रामीणों ने किया श्रमदान



**खंडवा।** खण्डवा जिले में कलेक्टर ऋषव गुप्ता के मार्गदर्शन में ''मिशन अमृत संचय'' अभियान के तहत जल संरक्षण के क्षेत्र में लगातार कार्य कराए जा रहे हैं। इसके तहत नदी नालों में बहते पानी को रोककर आसपास के क्षेत्र का जलस्तर बढ़ाने के उद्देश्य से गांव-गांव में बोरीबंधान संरचनाएं बनाई जा रही हैं।इसी क्रम में गुरुवार को हरसूद विकासखंड के ग्राम सिंगाजी में ग्रामीणों ने जन अभियान परिषद के कार्यकर्ताओं के नेतृत्व में श्रमदान कर बोरी बंधान का निर्माण किया। जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक ने बताया कि ग्रामीणों के साथ-साथ सीएम सीएलडीपी के छात्र एवं परामर्शदाता, प्रस्फुटन समिति के प्रतिनिधियों ने भी श्रमदान किया।

### जिला सतर्कता एवं मॉनिटरिंग समिति की बैठक

**खण्डवा ।** अनुसचित जाति एवं जनजातीय अत्याचार निवारण अधिनियम के अन्तर्गत गठित जिला सतर्कता एवं मॉनिटरिंग समिति की बैठक शुक्रवार को कलेक्टर ऋषव गुप्ता की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट में संपन्न हुई।बैठक में कलेक्टर श्री गुप्ता ने निर्देश दिए कि अनुसूचित जाति जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम के अन्तर्गत लंबित मामलों का निराकरण समय पर हो, इसके लिए सभी संबंधित अधिकारी विशेष प्रयास करें। उन्होंने निर्देश दिए कि अधिनियम के प्रावधानों के तहत अनुसूचित जाति जनजाति के पीड़ित व्यक्तियों को जो राहत राशि दी जाना है वह भी समय पर भुगतान की जाए। बैठक में जनजातिया कार्य विभाग के सहायक संचालक के अलावा लोक अभियोजन और पुलिस प्रशासन के अन्य अधिकारी भी मौजूद थे ।कलेक्टर श्री गुप्ता ने राजस्व विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए की अत्याचार निवारण अधिनियम संबंधी कोई भी मामला जाति प्रमाण पत्र के अभाव में लंबित न रहे, इसके लिए जाति प्रमाण पत्र सभी मामलों में तत्काल जारी करें।

### स्वास्थ्य मंत्री से शिवसेना ने की मांग

**खंडवा।** वर्ष 2025 जाने वाला है और नई उम्मीद के साथ वर्ष 2026 आने को तैयार है ।वर्तमान की बात की जाए तो 2025 में स्वास्थ्य विभाग की अव्यवस्था लगातार सुर्खियों में बनी रही। अब दिसंबर माह में रोगी कल्याण समिति ने आदेश निकालकर सुर्खियां बटोर ली है ।आदेश में बताया गया है कि सरकारी अस्पताल में प्राइवेट वार्ड के लिए 1 जनवरी से 500 रुपए पर दिन के हिसाब से शुल्क वसूला जाएगा।उक्त टिप्पणी करते हुए शिवसेना प्रमुख ने कहा कि रोगी कल्याण समिति नए वर्ष में मरीज को बेहतर सुविधा देने के नाम पर उन पर आर्थिक बोझ डाल रही है ।पहले आम जनता को जिला अस्पताल में बेहतर इलाज दिया जाए एवं उसके बाद ही उनसे शुल्क वसूली की जाए ।क्योंकि जब इस तरह के शुल्क प्राइवेट हॉस्पिटल में लिए जा रहे हैं तो फिर सरकारी अस्पताल में आम जनता क्यों जाएगी।इसलिए रोगी कल्याण समिति को धरातल पर आत्म चिंतन कर मरीज को राहत देना चाहिए ।ताकि आम जनता पर आर्थिक बोझ ना पड़े।शिवसेना प्रमुख गणेश भावसार ने कहा कि शिवसेना रोगी कल्याण समिति के इस निर्णय का विरोध करती है और स्वास्थ्य मंत्री से मांग करती है कि रोगी कल्याण समिति का पुनर्गठन किया जाए।जिसमें समाजसेवी एवं शहर के वरिष्ठ नागरिकों को इस समिति में स्थान दिया जाए ताकि आम जनता को कम शुल्क में जिला अस्पताल में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिलती रहे।श्री भावसार ने आगे कहा कि आम जनता को स्वास्थ्य सुविधा के शुल्क में राहत नहीं दी गई तो शिवसेना विरोध प्रदर्शन के लिए तैयार है ताकि आम जनता को जिला अस्पताल में कम शुल्क पर बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिलती रहे।

### कार से गांजे के साथ 2 आरोपी गिरफ्तार

**खंडवा।** पुलिस अधीक्षक खंडवा मनोज कुमार राय के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) राजेश रघुवंशी व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (शहर) महेंद्र तारणेकर के मार्गदर्शन में दिनांक 25.12.25 को थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक प्रवीण आर्य,के नेतृत्व मे उप निरीक्षक अविनाश भोपले एवं थाना कोतवाली की टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर (1) आरोपी सखाराम पिता मुन्नालाल चौहान उम्र 35 साल (2) संदीप पिता गुड्डू तिरोले उम्र 19 साल दोनों निवासी ग्राम पिपलिया डेब थाना सेंधवा ग्रामीण जिला बड़वानी की कार क्रमांक MP 09 DM 4922 को चेक करने पर उक्त वाहन से 10.448 किलोग्राम गाँजा कीमती एक लाख रुपए बरामद हुआ एंव एक स्विफ्ट डिजायर कार कीमती 08 लाख जब्त कर धारा 8/20 एन.डी.पी.एस एक्ट के तहत कार्यवाही की गई है। आरोपियों को दिनांक 26.12.25 को विशेष न्यायालय खंडवा मे पेश किया गया जंहा से पूछताछ एवं गांजे के स्त्रोत की जानकारी हेतु 05 दिवस का पुलिस रिमान्ड प्राप्त किया गया है।

जिला खंडवा मे समस्त थाना प्रभारियों द्वारा यातायात नियमो का उल्लंघन करने वाले दो पहिया एवं चार पहिया वाहन चालकों के विरुद्ध बिना नंबर प्लेट, तीन सवारी, बिना हेलमेट, सीटबेल्ट न लगाने वाले तथा अन्य यातायात नियमो का उल्लंघन करने वाले कुल 15 वाहन चालकों के विरुद्ध एम.व्ही. एक्ट के तहत कार्यवाही की गई एवं समन शुल्क 7900/-रुपये वसूल किए गए है। जिले के विभिन्न थानों में 09 असामाजिक तत्वों के विरुद्ध प्रतिबंधात्मक कार्यवाही की गई है। धारा 126/135 BNSS के तहत 04 प्रकरणों मे 06 अनावेदकों के विरुद्ध, धारा 170 BNSS के तहत 03 प्रकरणों मे 03 अनावेदकों के विरुद्ध विरुद्ध कार्यवाही की गई है। जिले में कुल 05 अनावेदक के विरुद्ध बाउंड ओवर की कार्यवाही की गई है।

## गुजरात पुलिस से होटल फांदकर भागा दुष्कृत्य का आरोपी

नवभारत न्यूज

**खंडवा। गुजरात से खंडवा तफ्तीश के लिए लाया एक आरोपी फरार हो गया। होटल की खिड़की तोड़कर वह भाग निकला। नाबालिक से दुष्कर्म का वह आरोपी है।**



मूल रूप से राजस्थान का रहने वाला है। आरोपी ने मध्यप्रदेश, गुजरात और राजस्थान में युवती को रखा था। अब कोतवाली पुलिस उसे खोज रही है। युवक के एक हाथ में हथकड़ी भी लगी हुई थी।

### कोतवाली से लगी है होटल

आरोपी को पुलिस ने जिस होटल में रखा था, वह शहर की कोतवाली थाने से लगी हुई है। इस घटना से पुलिस प्रशाशन ने हड़कंप मच गया है। फिलहाल आरोपी के खिलाफ कोतवाली थाने में अपराध दर्ज कर आरोपी की तलाश में पुलिस जुट गई है। फरार आरोपी राजस्थान का रहने वाला है। उस पर गुजरात की एक नाबालिग से अपहरण व दुष्कर्म का आरोप है। घटना गुरुवार रात करीब 10 बजे की है।

### साक्ष्य जुटाने लाई थी गुजरात पुलिस गुजरात पुलिस

दरअसल सूरत जिले के पूनागांव थाना पुलिस आरोपी पुष्पेंद्र उर्फ सोनू उर्फ दीपू पिता शिवरामसिंह गुर्जर (25) निवासी बाड़ीगांव, जिला धौलपुर (राजस्थान) को साक्ष्य जुटाने के लिए खंडवा लाई थी। पुलिस टीम पुराना बस स्टैंड स्थित त्रिमूर्ति होटल के कमरे नंबर 106 में रुकी थी।

### हथकड़ी से तोड़ी खिड़की

आरोपी ने लघुशंका का बहाना बनाकर टॉयलेट जाने की अनुमति मांगी। आरोपी के दोनों हाथों में हथकड़ी लगी थी, लेकिन टॉयलेट जाने के कारण एक हाथ की हथकड़ी खोल दी गई, जबकि दूसरा हाथ हथकड़ी सहित खुला था। इसी हथकड़ी की मदद से आरोपी ने टॉयलेट में लगी कांच की खिड़की तोड़ दी। उसी रास्ते से बाहर निकलकर फरार हो गया।

### गुजरात पुलिस सकते में

घटना के बाद पूनागांव थाना सूरत के पुलिस अधिकारी दिलुभा बोराना ने खंडवा कोतवाली थाने में शिकायत दर्ज कराई है। शिकायत में बताया गया कि आरोपी नाबालिग के अपहरण और दुष्कर्म के मामले में गिरफ्तार था और पुलिस कस्टडी से फरार हो गया है।

### क्या बोली कोतवाली पुलिस

कोतवाली पुलिस के अनुसार, आरोपी ने पीड़िता को गुजरात, राजस्थान और मध्यप्रदेश के कई जिलों में अलग-अलग स्थानों पर रखा था। खंडवा जिले के एक ग्राम में पीड़िता को रखने की जानकारी मिलने पर पुलिस आरोपी को मौके पर ले जाने वाली थी, लेकिन उससे पहले ही वह भाग निकला। फिलहाल खंडवा पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश में सर्चिंग शुरू कर दी है।

## आदर्श योग संस्था ने विश्व ध्यान दिवस पर लगाया पांच दिवसीय ध्यान शिविर



नवभारत न्यूज

**खण्डवा। विश्व ध्यान दिवस के अवसर पर आदर्श योग एवं संस्कार प्रतिष्ठान द्वारा लायन्स क्लब खण्डवा के सहयोग से सराफा स्थित तुलसी उद्यान में 5 दिवसीय ध्यान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में प्रतिदिन प्रात: 7 से 8.30 बजे तक ध्यान के महत्व, उसकी वैज्ञानिकता तथा शारीरिक व मानसिक लाभों की जानकारी दी गई तथा सामूहिक ध्यान अभ्यास कराया गया।**

जिला योग आयोग समिति के अध्यक्ष डॉ. दिलीप जैन ने कहा कि नियमित ध्यान से तनाव, चिंता व अवसाद दूर होते हैं और आत्मविश्वास बढ़ता है। पतंजलि योग प्रशिक्षिका आशा उपाध्याय ने बताया कि ध्यान से रक्तचाप नियंत्रित रहता है, नींद में सुधार होता है और रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है।

संस्था के सचिव नारायण बाहेती ने बताया कि संस्था का उद्देश्य योग व ध्यान के माध्यम से स्वस्थ व जागरूक समाज का निर्माण करना है। शिविर में बड़ी संख्या में साधकों ने भाग लेकर नियमित ध्यान अपनाने का संकल्प लिया।

## योगेंद्र वाघे का फिल्मी कांसर्ट अनाज मंडी में आज

### अभिनेत्री एलेना बिखरेंगी जलवा

नवभारत न्यूज

***खंडवा शहर के फिल्मी दुनिया में संगीतकार योगेन्द्र वाघे के साथ शाहरुख ख़ान की फ़िल्म 'जीरो' की अभिनेत्री एलीना एवं कपिल शर्मा शो व केबीसी शो के बॉलीवुड म्यूजिशियन 27 दिसंबर को खंडवा में प्रस्तुति देंगे। अनाज मंडी में आयोजन शहरवासियों के लिए कॉन्सर्ट निशुल्क है।***

### टी-सीरीज ने चमकता कैरियर

टी सीरीज के एल्बम एवं फ़िल्मों में संगीत ने योगेन्द्र वाघे को रातोंरात स्टार बना दिया। टी सीरीज एव ज़ी म्यूजिक जैसी नामी कंपनियों ने योगेन्द्र की आवाज़ को देश के घर घर तक पहुंचाया जिसके बाद योगेन्द्र कई हिट एल्बम दिए। दादाजी पर कई हिट एल्बम दिए। जिसे अब तक हर प्लेटफार्म पर 30 मिलियन से भी अधिक लोगों का प्यार आशीर्वाद मिल चुका है।

### 15 ख्यात संगीतकार आएंगे

*आयोजन में 15 बॉलीवुड म्यूजिशियन के साथ कॉन्सर्ट होगा। सुनील जैन ने बताया की शाहरुख खान के साथ फ़िल्म जीरो में बेहतर अभिनय के लिए प्रसिद्ध एलीना बॉलीवुड एक्ट्रेस योगेंद्र वाघे के साथ खंडवा आएंगी। कपिल शर्मा शो के म्यूजिशियन एवं केबीसी के बॉलीवुड म्यूजिशियन योगेन्द्र वाघे के साथ प्रस्तुति देंगे। सिंगर गरिमा अपनी प्रस्तुति देंगी। मशहूर साउंड इंजीनियर अपनी टीम के साथ कॉन्सर्ट में बेहतर साउंड अरेंजमेंट के लिए खंडवा आ रहे हैं।*

## प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस में सॉफ्ट स्किल प्रशिक्षण का समापन




नवभारत न्यूज

**खंडवा। प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस, श्री नीलकंठेश्वर शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, में शुक्रवार को स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के अंतर्गत उन्नति फाउंडेशन, बेंगलुरु द्वारा आयोजित 30 दिवसीय सॉफ्ट स्किल डेवलपमेंट प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन समारोह सम्पन्न हुआ।**

कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ.एस.पी.सिंह ने की। उन्होंने विद्यार्थियों को लक्ष्य निर्धारण एवं निरंतर प्रयास के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्नति फाउंडेशन के सत्यम नामदेव ने प्रशिक्षण के दौरान समय प्रबंधन, धन प्रबंधन, सॉफ्ट स्किल्स एवं साक्षात्कार कौशल की जानकारी दी।

कार्यक्रम में डॉ. तुलसीराम ब्राह्मणे एवं डॉ. सोहन सिंह डावर ने विद्यार्थियों को कौशल विकास और समय प्रबंधन के महत्व से अवगत कराया। प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ. दिलीप पाटीदार ने विद्यार्थियों को भविष्य में भी ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रमों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया।

**ओंकारेश्वर** प्रतिबंध अवधि के दौरान उल्लंघन करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी

## आस्थावानों का सैलाब,दो दिन नावें रहेंगी प्रतिबंधित



नवभारत न्यूज

**ओंकारेश्वर।** साल के आखिरी दिनों में ज्योतिर्लिंग ओंकारेश्वर की शरण में पहुंचने वाले श्रद्धालु ओवरफ्लो हो रहे हैं। पहाड़ और नर्मदाजी से घिरे होने के कारण व्यवस्थाएं प्रभावित हो रही हैं। नर्मदा में नौकायन करने वाले श्रद्धालुओं की संख्या भी घाटों पर बढ़ गई थी। नगर परिषद ने 31 दिसंबर एवं 1 जनवरी 2 दिन के लिए सभी तरह की नावों का संचालन बंद कर दिया गया है। इससे दुर्घटनाएं रुकेंगी।

दर्शन व्यवस्था में भी मामूली तब्दीली की गई है,जिससे अधिक से अधिक संख्या में श्रद्धालु कम समय में दर्शन कर बाहर हो सकें। तीर्थनगरी में अभी प्रतिदिन श्रद्धा का सैलाब दिख रहा है । हजारों श्रद्धालु प्रतिदिन तीर्थ नगरी पहुंच रहे हैं।

### नए साल में बढ़ेगी भीड़

नववर्ष पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु व पर्यटक ओंकारेश्वर पहुंचते हैं, जिससे घाटों पर अत्यधिक भीड़ हो जाती है। ऐसे में किसी भी अप्रिय घटना की आशंका को देखते हुए यह निर्णय लिया गया है। बीते वर्षों में नाव डूबने एवं अन्य दुर्घटनाओं की घटनाएं सामने आ चुकी हैं। जिनसे जनहानि का खतरा बढ़ा था।

### दो घाट पहले से ही हैं प्रतिबंधित

नगर परिषद ने नाविकों के लिए प्रबंध आदेश जारी कर अपील की है कि वे आदेश का पालन करें और नदी में नाव संचालन या अवैध गतिविधियों से दूर रहें। प्रतिबंध अवधि के दौरान उल्लंघन करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। कोटीचक्र तीर्थ और चक्रतीर्थ घाट पर नाव संचालन 26 दिसंबर से ही प्रतिबंधित किया जा चुका है। तक नाव संचालन पूरी तरह प्रतिबंध रहेगा।

### सुरक्षा के कारण लिया निर्णय

नए वर्ष के अवसर पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए प्रशासन ने सुरक्षा के मद्देनज़र कड़ा निर्णय लिया है। थाना मांधाता के पत्र पर नगर परिषद ने नर्मदा में नाव संचालन पर पूर्ण प्रतिबंधित कर दिया है। यह प्रतिबंध 30 दिसंबर से 1 जनवरी तक प्रभावशील रहेगा।

## जिलाबदर घर में ही मिला 6 महीने अब जेल में बिताएगा



नवभारत न्यूज

**खंडवा।** जिला दण्डाधिकारी ने एक व्यक्ति को जिला बदर किया था। आदेश का उल्लंघन करने वाला आरोपी पुलिस को उसके घर ही मिला। इसके बाद न्यायालय ने उसे 01 वर्ष का साधारण कारावास एवं अर्थदण्ड से दण्डित किया है।

न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी जिला खण्डवा ने आरोपी गंगाराम पिता दयाराम उम्र 41 साल निवासी बैडियाव जिला खण्डवा को धारा 188 भादवि में 06 माह का साधारण कारावास एवं 500 रूपए अर्थदण्ड, धारा 14 म.प्र. राज्य सुरक्षा अधिनियम में 01 साल का साधारण कारावास एवं 500/- रूपये अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।

गंगाराम पिता दयाराम उम्र-31 निवासी ग्राम बैडियाव को खण्डवा एवं उसके समीपवर्ती जिले बुरहानपुर, खरगोन, देवास, बैतुल, हरदा एवं इंदौर की सीमा से 6 माह की अवधि के लिए निष्कासित करने का आदेश पारित किया गया था। निगरानी बदमाश, गुंडा जिला बदर की चेकिंग के आरोपी गंगाराम को उसके घर के पास गली में चंपानगर ग्राम बैडियाव में घूमता हुआ मिला। पुलिस को देखकर भागने लगा, जिसे घेराबंदी कर पकड़ा। पुलिस ने अभियोग पत्र न्यायालय में पेश किया था।

## सद्भावना मंच ने अटल जी के जन्मदिन पर उन्हें याद किया




नवभारत न्यूज

**खंडवा। भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी न केवल एक दूरदृष्टी धारक राजनीतिक नेतृत्वकर्ता थे, बल्कि सहृदय कवि और देश के लिए सदैव समर्पित रहने वाले अद्वितीय राजनेता थे।**

यह बात सद्भावनामंच सदस्यों ने अटल जी के जन्मदिवस पर आयोजित कार्यक्रम में कहीं। सद्भावना मंच सदस्य कमल नागपाल ने बताया कि माली कुआं स्थित कार्यालय में संपन्न इस स्मरण सभा में संस्थापक प्रमोद जैन ने कहा कि अटल जी जैसा प्रधानमंत्री न हुआ है और न ही होगा। विपक्ष भी सदैव उनका मान सम्मान करता था। उन्होंने देश को सुस्पष्ट दिशा दी।

इस कार्यक्रम में संस्थापक प्रमोद जैन,त्रिलोक चौधरी,डॉक्टर जगदीशचंद्र चौरे, देवेंद्र जैन, ललित चौरे,सुरेन्द्र गीते, गणेश भावसार,राधेश्याम शाक्य, मुरली कोडवानी,एम एम कुरैशी, नारायण फर्कले,कमल नागपाल, सुभाष मीणा,कैलाश पटेल और करण लखौरे एवं अन्य उपस्थित रहे।

## कलेक्टर ने ईवीएम वेयरहाउस का निरीक्षण किया



नवभारत न्यूज

**खंडवा।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ऋषव गुप्ता ने शुक्रवार को भारत निर्वाचन आयोग के इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन के ग्राम नहालदा स्थित वेयरहाउस का त्रैमासिक आंतरिक निरीक्षण किया।

इस दौरान इलेक्शन सुपरवाइजर प्रफुल्ल शुक्ला के अलावा मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि एवं निर्वाचन कार्यालय के अधिकारी कर्मचारी भी मौजूद थे।

### विभागीय परामर्श दात्री समिति की बैठक आयोजित करें

**खंडवा ।** कलेक्टर ऋषव गुप्ता ने सभी विभागों के जिला अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि अपने-अपने विभाग के अधीनस्थ अधिकारी कर्मचारियों की विभागीय समस्याओं के निराकरण के लिए जिला स्तरीय विभागीय परामर्शदात्री समिति की बैठक आयोजित करें। उन्होंने सभी विभागों के जिला अधिकारियों से कहा है कि दिसंबर माह में ही अपने-अपने विभाग की जिला स्तरीय विभागीय परामर्शदात्री समिति की बैठक आयोजित करें और बैठक का कार्यवाही विवरण आगामी 5 जनवरी तक कलेक्ट्रेट भिजवाएं।

## छवि का राष्ट्रीय बास्केटबॉल टीम में चयन

नवभारत न्यूज

**खंडवा। 12 वीं की छात्रा छवि बिनवानी का अंडर 19 नेशनल लेवल बास्केट बाल प्रतियोगिता के लिए चयन हुआ है।**

कमल नागपाल ने बताया कि छवि सीतामऊ में 26 से 30 दिसंबर तक होने वाले खेल प्रशिक्षण शिविर में भाग लेने गई हुई हैं। इसके बाद 2 से 6 जनवरी तक वाडमेर राजस्थान में होने वाली स्पर्धा में प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगी। व्यवसाई नरेश बिनवानी और गृहिणी प्रेरणा बिनवानी की पुत्री छवि को खेल के प्रति रुचि रही है।वे सोफिया कॉन्वेंट स्कूल में 12वीं की छात्रा हैं।

पिछले तीन वर्षों से इंदौर संभाग की



टीम से खेलते हुए तीन बार प्रदेश स्तर पर और एक बार राष्ट्रीय स्तर पर खेल कर खंडवा और समाज का नाम रोशन कर चुकी हैं ।खेल प्रशिक्षक इमरान शेख और आयुष अग्रवाल ने उनके उज्वल भविष्य की कामना की है।